सूचना

BOS के सभी सम्मानित सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि BOS की एक आवश्यक बैठक दिनांक 25/07/2026 को गृहविज्ञान विभाग मे प्रातः 11:00 बजे से आरंभ होगी, कृपया सभी सदस्य समय पर उपस्थित होने का प्रयास करें।

धन्यवाद !

एजेंडा बिंदु -:

1. मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को 02 घंटे 30 मिनट (ढाई घंटे) का समय प्रदान किया जाये,
2. राष्ट्रीय शिक्षा निति (NEP 2020) एवं विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप समस्त पाठ्यक्रमों मे 75 अंक की बाह्य मुख्य परीक्षा (End Semester) तथा 25 अंक का आंतरिक मूल्यांकन लागू किया जाये,
3- आंतरिक परिक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक मूल्यांकन (15 अंक की परीक्षा, 5 अंक उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों मे प्रतिभाग) केंद्रीकृत माध्यम (Centralized System) से संपादित किया जाय, 15 अंको हेतु मिड टर्म परीक्षा आयोजित की जायेगी,
4- अनुसंधान पी० जी० पाठ्यक्रम मे दूसरे सेमेस्टर और चौथे सेमेस्टर मे ही कर दिया जाये ताकि स्टूडेंट्स को अपने विषय पर कार्य करने का समुचित अवसर मिले। (NEP 2020) के अंतर्गत स्नातक उपाधि का चतुर्थ वर्ष और पी० जी० उपाधि का प्रथम वर्ष एक

समान स्तर पर होंगे, इसलिये पी० जी० उपाधि में द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर दोनों में लघुशोध का प्रावधान होगा,

5- प्रत्येक वर्ष प्रयोगात्मक ज्ञान, जिज्ञासा एवं क्रियेटीविटी, सामाजिक कौशल सुधारने एवं तनाव कम करने, देश की भौगोलिक संस्कृति को समझने तथा विभिन्न प्रकार के रोजगार संबंधी विचारों को प्राप्त करने के लिये शैक्षिक भ्रमण विभाग के छात्र-छात्राओं को आवश्यक रूप से कराया जाना चाहिये,

1. डॉ० रचना मिश्रा [signature] 25/7/26.
2. डॉ० नयना शर्मा [signature] 25/7/26
3. डॉ० नीतू गुप्ता [signature]
4. डॉ० अनामिका चौहान [signature]
5. श्रीमति अंजली चौधरी [signature]

Minutes of Meeting

दिनांक 25/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे BOS की मीटिंग गृहविज्ञान विभाग मे की गयी थी, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे—

1. श्रीमति रचना मिश्रा
2. डॉ॰ नयना शर्मा
3. डॉ॰ नीतू गुप्ता
4. डॉ॰ अनामिका चौहान
5. श्रीमति अंजली चौधरी

BOS मे निम्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया —

1. विनिश्चय — एजेंडा-1.

मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने के लिये 2 घंटे 30 मिनट के समय को स्वीकृति प्रदान की गयी।

2. विनिश्चय — एजेंडा - 2

राष्ट्रीय शिक्षा निति (NIEP 2020) एवं विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी पाठ्यक्रमों में 75 अंक की वाह्य मुख्य परीक्षा (end Semester) तथा 25 अंक का आंतरिक मूल्यांकन लागू किया जाय, इस पर सभी वाह्य विषय विशेषज्ञों ने अपनी सहमति जताई,

3. विनिश्चय — एजेंडा – 3

मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि आंतरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक मूल्यांकन (15 अंक की परीक्षा), 5 अंक उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन', शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से (Centralized System) से संपादित किया जाये, साथ ही 15 अंकों हेतु Mid term परीक्षा आयोजित की जायेगी,

4- विनिश्चय एजेंडा-4

BOS के समस्त सदस्यों ने अपनी सहमति लघुशोध पी०जी० पाठ्यक्रम में दूसरे एवं चौथे सेमेस्टर में ही करने पर जताई। जिससे छात्र-छात्राओं को अपने विषय पर कार्य करने का उचित अवसर व समय मिल सके। (NEP 2020) के अंतर्गत स्नातक उपाधि का चतुर्थ वर्ष और पी०जी० उपाधि का प्रथम वर्ष एक समान स्तर पर होंगे, इसलिये पी०जी० उपाधि में लघुशोध का प्रावधान होने पर सभी विषय विशेषज्ञों ने अपनी सहमति जताई।

5- विनिश्चय एजेंडा-5

प्रत्येक वर्ष छात्रों के मानसिक, सामाजिक एवं कौशल के लिये विभागीय शैक्षिक भ्रमण को आवश्यक रूप से लागू किया जाना स्वीकार किया गया,

समिति के समस्त सदस्यों ने एजेंडा बिंदु 01 से 05 तक का गहनता से अध्ययन किया तथा वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रम में किसी प्रकार का संशोधन ना करने में सहमति जताई।